

# एशियाई खेल 2026 : धीरज बोम्मदेवरा और नीरज चौहान रिकर्व के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

आइची-नागोया

भारत के तीरंदाज धीरज बोम्मदेवरा और नीरज चौहान ने मंगलवार को एशियाई खेल 2026 में पुरुषों की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। दोनों ने राउंड आफ 16 में शानदार जीत दर्ज की।

शीर्ष वरीय धीरज ने चीनी ताइपे के चेंग ह्सियांग-हुई को 6-2 से हराया। धीरज ने इससे पहले राउंड आफ 32 में फिलीपींस के गिर्विन गार्सिया को 6-0 से मात दी थी। चेंग के खिलाफ मुकाबले में धीरज को कड़ी चुनौती मिली, लेकिन उन्होंने दबाव में संयम बनाए रखते हुए जीत हासिल की। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना उज्बेकिस्तान के अमिरकोन सादिकोव से 3 अक्टूबर को होगा।

वहीं, नीरज चौहान ने राउंड आफ 16 में दक्षिण कोरिया के किम जे देओक को 6-4 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। किम कई बार के ओलंपिक पदक विजेता हैं और रैंकिंग राउंड में दूसरे स्थान पर रहे थे।

नीरज ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत करते हुए 3-1 की बढ़त बनाई, लेकिन किम ने वापसी करते हुए स्कोर 3-3 कर दिया। इसके बाद एक सेट बराबरी पर रहने से स्कोर 4-4 हो गया। निर्णायक सेट में नीरज ने दबाव के बीच शानदार संयम दिखाया और सेट जीतकर मुकाबला 6-4 से अपने नाम किया। क्वार्टर फाइनल में नीरज का सामना भूटान के दोरजी लाम से होगा।

धीरज ने राउंड आफ 32 में गार्सिया के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने तीनों सेट जीतकर 6-0 से मुकाबला अपने नाम किया और कुल नौ तीरों में ही जीत दर्ज कर ली थी। उनके नौ में से छह तीर 10 अंक वाले निशाने पर लगे थे। इस बीच, भारत का सर्फिंग अभियान भी समाप्त हो गया। किशोर कुमार अनबरासु को पुरुषों के शार्टबोर्ड क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के टोबी एस्पेजोन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। किशोर ने आठ लहरों में अपने दो सर्वश्रेष्ठ स्कोर 3.00 और 2.37 हासिल किए और कुल 5.37 अंक बनाए, जबकि एस्पेजोन ने 8.53 अंक जुटाए। मंगलवार को भारत को एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और निशानेबाजी सहित कई खेलों में पदक की उम्मीदें हैं।गुलवीर सिंह पुरुषों की 5000 मीटर फाइनल में उतरेंगे। वह इससे पहले 1500 और 10,000 मीटर में रजत पदक जीत चुके हैं। अविनाश साबले भी 5000 मीटर में चुनौती पेश करेंगे। मुक्केबाजी में परवीन हुड्डा, अंकुश पंघाल और नरेंद्र बेरवाल अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले खेलेंगे और तीनों का पदक पक्का हो चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### एशियन खेल 2026: अंकुश पंघाल ने 80 किग्रा वर्ग के फाइनल में बनाई जगह, रजत पदक पक्का



**आइची-नागोया।** भारत के युवा मुक्केबाज अंकुश पंघाल ने एशियन खेल 2026 में पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बना ली है। मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल में अंकुश ने उज्बेकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन फजलिद्दीन एर्किनबोएव को 4-1 के विभाजित फैसले से हराकर स्वर्ण पदक मुकाबले का टिकट कटाया। 20 वर्षीय अंकुश ने मुकाबले में शुरुआत से ही तेज गति और आक्रामक रणनीति के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने एरकिनबोएव की मजबूत रक्षात्मक शैली का प्रभावी ढंग से सामना किया। पांचों जजों ने अंकुश को 10 और एरकिनबोएव को 9 अंक दिए, जिसके बाद भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में 4-1 का फैसला आया। इस जीत के साथ अंकुश ने प्रतियोगिता में अपना शानदार अभियान जारी रखा है। इससे पहले 27 सितंबर को क्वार्टर फाइनल में उन्होंने ताजिकिस्तान के नेकृज सलीमोव को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर पदक पक्का किया था। अंकुश शानदार फार्म के साथ एशियन खेलों के फाइनल में पहुंचे हैं। उन्होंने अगस्त 2026 में ग्लासगो में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। 2018 के बाद पहली बार भारतीय पुरुष मुक्केबाज फाइनल में अंकुश की इस उपलब्धि ने भारतीय पुरुष मुक्केबाजी के लिए भी खास रिकार्ड बनाया है। 2018 में अमित पंघाल के 49 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बाद पहली बार कोई भारतीय पुरुष मुक्केबाज एशियन खेलों में स्वर्ण पदक मुकाबले तक पहुंचा है। अब अंकुश के सामने एशियन खेलों में स्वर्ण पदक जीतने की चुनौती होगी।

### 31वां नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स खेल अवॉर्ड 30 अक्टूबर को जेएलयू में

**भोपाल।** 31वां एचएमजी स्पोर्ट्स नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स (एनएसटी) राष्ट्रीय खेल अवॉर्ड समारोह अब 30 अक्टूबर को जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी (जेएलयू) सभागृह में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य प्रायोजक एचएमजी स्पोर्ट्स होंगे। आयोजन को भव्य बनाने की तैयारी जारी है। पूर्व में यह आयोजन 25 सितंबर को समन्वय भवन में होना था, लेकिन किसी कारणवश अब इसे 30 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। समारोह में देश-प्रदेश के 30 नामी-गिरामी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। गत वर्ष भी समारोह में 30 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया था। अवॉर्ड की घोषणा 10 अक्टूबर 2026 को की जाएगी। अब तक अवॉर्ड के लिए देशभर से 300 से अधिक खिलाड़ियों की प्रविष्टियां और बायोडाटा प्राप्त हो चुके हैं। नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स के संपादक एवं आयोजन सचिव इंद्रजीत मौर्य ने विज्ञप्ति में बताया कि समारोह में स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर, मप्र खेल रत्न, श्रेष्ठ खिलाड़ी, प्रतिभा खिलाड़ी, लाइफ टाइम, प्रशिक्षक, खेल प्रमोटर, खेल पत्रकार तथा खेल संस्थानों, स्कूल, कॉलेज और क्लब को अवॉर्ड दिए जाएंगे। खिलाड़ियों को अवॉर्ड, सम्मान पत्र, शाल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इंद्रजीत मौर्य ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेलों और खिलाड़ियों को बढ़ावा देना है, जिसे पिछले 30 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है।

### एशियाई खेलों में जारी रहेगा ई-स्पोर्ट्स, ओसीए ने साफ किया रुख



**नागोया (जापान)।** ओलंपिक काउंसिल आफ एशिया (ओसीए) ने साफ किया है कि ई-स्पोर्ट्स एशियाई खेलों का हिस्सा बना रहेगा। जापान के आइची-नागोया में जारी 2026 एशियाई खेलों के बाद भी ई-स्पोर्ट्स को हटाया नहीं जाएगा। ओसीए के महानिदेशक हुसैन अल मुसल्लम ने कहा कि ई-स्पोर्ट्स एशियाई खेलों के भीतर जारी रहेगा और संगठन एशिया में इसके विकास को लगातार समर्थन देता रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ह्रष्ट ने ई-स्पोर्ट्स को एशियाई खेलों से हटाने को लेकर कोई घोषणा नहीं की है। 19 सितंबर 2026 को ओसीए ने कुवैत के साथ मेजबानी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत 2027 में पहले एशियाई ई-स्पोर्ट्स और माइंड स्पोर्ट्स गेम्स का आयोजन कुवैत में होगा। ओसीए के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य एशियाई खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए अतिरिक्त मंच उपलब्ध कराना है। इससे एशियाई खेलों में ई-स्पोर्ट्स की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ई-स्पोर्ट्स ने 2018 में जकार्ता और पालेमबांग एशियाई खेलों में प्रदर्शन खेल के तौर पर शुरुआत की थी।

# एशियन खेल 2026 : नीरू धांडा ने ट्रैप में रचा इतिहास, एशियाई रिकार्ड के साथ जीता स्वर्ण

आइची-नागोया

भारतीय निशानेबाज नीरू धांडा ने एशियन खेल 2026 में महिलाओं की ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। नीरू ने फाइनल में 28 हिट का स्कोर करते हुए नया एशियाई खेल रिकार्ड बनाया। यह इस स्पर्धा में भारत का पहला पदक और एशियन खेल 2026 में भारत का पांचवां स्वर्ण पदक है। साथ ही, यह मौजूदा खेलों में भारत का पहला व्यक्तिगत स्वर्ण भी है।

नीरू ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी। उन्होंने कुल 28 निशाने सही लगाए। चीन की निशानेबाज ने 26 हिट के साथ रजत पदक जीता, जबकि कुवैत की खिलाड़ी 21 हिट के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं।

नीरू का 28 हिट का स्कोर नया एशियाई खेल रिकार्ड भी है। इससे पहले इस स्पर्धा का रिकार्ड 24 हिट का था, जो चीन की लियू वान-यू के नाम था और उन्होंने यह रिकार्ड इसी साल जनवरी में बनाया था।

यह नीरू का एशियन खेल में महिलाओं की व्यक्तिगत ट्रैप स्पर्धा में पहला पदक है। इससे पहले मंगलवार को नीरू, आशिमा अहलावत और मनीषा कीर की भारतीय टीम ने महिलाओं की ट्रैप टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था। उस मुकाबले में नीरू ने व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में 118 अंक हासिल कर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार रिकार्ड** - 25 मई 2000 को हरियाणा के जींद में जन्मीं नीरू धांडा महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भारत की प्रमुख निशानेबाजों में शामिल हैं। उन्होंने 2022 में ओसियेक में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और इसके बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन किया।

2025 में नीरू ने महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता। 2026 में उन्होंने इटली के लोनाटो में आयोजित आईएसएसएफ शाटगन विश्व कप में महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा का स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा और इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उन्होंने इसी साल कजाकिस्तान के अलमाटी में आईएसएसएफ विश्व कप के ट्रैप मिश्रित टीम वर्ग में कांस्य पदक भी जीता।



### एशियन खेल 2026: परवीन हुड्डा ने 65 किग्रा फाइनल में बनाई जगह, रजत पदक पक्का



**आइची-नागोया।** भारतीय मुक्केबाज परवीन हुड्डा ने एशियन खेल 2026 में महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बना ली है। निशियो जिम्नेजियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल में परवीन ने चीन की ली शू को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। परवीन ने मुकाबले के तीनों राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज में मुक्केबाजी की और ली शू को वापसी का ज्यादा मौका नहीं दिया। निर्णायकों ने सर्वसम्मति से मुकाबला भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में दिया। इस जीत के साथ परवीन ने अपना रजत पदक पक्का कर लिया है और अब वह शुक्रवार को स्वर्ण पदक के लिए चीनी ताइपे की चेन निएन-चिन से भिड़ेंगी। परवीन ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान की नवबहोर खामिदोवा को 5-0 से हराया था। खामिदोवा 2025 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता हैं। इससे पहले परवीन को शुरुआती दौर में वाकओवर मिला था। पिछले एशियन खेल में परवीन ने कांस्य पदक जीता था। हालांकि, बाद में अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच व्हेयरअबाउट्स नियमों के उल्लंघन के कारण उनका वह पदक छिन गया था। निलंबन पूरा करने के बाद उन्होंने 2025 के अंत में वर्ल्ड बाक्सिंग कप फाइनल्स में स्वर्ण पदक जीतकर वापसी की थी। इसके बाद राष्ट्रमंडल खेलों में उन्हें शुरुआती मुकाबले में साचा हिकी के खिलाफ करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय मुक्केबाजी टीम ने पिछले हांगझोऊ एशियन खेल में चार पदक जीते थे, जिसमें एक रजत और तीन कांस्य शामिल थे। इस बार भारत के कई मुक्केबाज पदक दौर में पहुंच चुके हैं। पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में अंकुश पंघाल और पुरुषों के 90 किग्रा से ऊपर वर्ग में नरेंद्र बेरवाल भी सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। भारतीय मुक्केबाजी टीम के अन्य खिलाड़ी भी अलग-अलग वर्गों में पदक की दौड़ में बने हुए हैं।

# एशियन खेल 2026: भारतीय मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल ने पुरुषों के +90 किग्रा वर्ग में जीता कांस्य



आइची-नागोया

भारतीय मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल ने आइची-नागोया एशियन खेल 2026 में पुरुषों के +90 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। नरेंद्र को सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन आइबेक ओरलबे के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में हार के बावजूद नरेंद्र को कांस्य पदक मिला।

प्रतियोगिता की शुरुआत दमदार अंदाज में की थी। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने थाईलैंड के अदथापोंग सैंगटेप को मुकाबले के महज 97 सेकंड बाद रेफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने के फैसले से हराकर पदक पक्का किया था।

सेमीफाइनल में नरेंद्र ने विश्व चैंपियन ओरलबे को कड़ी चुनौती देने की कोशिश की, लेकिन कजाकिस्तान के मुक्केबाज ने 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही नरेंद्र को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

नरेंद्र के लिए यह लगातार दूसरा एशियन खेल कांस्य पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 एशियन खेल में भी कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा उन्होंने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर अपनी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों में एक और बड़ी कामयाबी जोड़ी थी। हरियाणा के हिसार जिले के सोरखी गांव में 14 नवंबर 1994 को जन्मे नरेंद्र किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने कोच देवराज सिहाग के मार्गदर्शन में मुक्केबाजी की शुरुआत की और बाद में भारतीय सेना में शामिल होकर अपने खेल को आगे बढ़ाया। वह भारत के प्रमुख सुपर हेवीवेट मुक्केबाजों में शामिल हैं। नरेंद्र ने युवा स्तर पर यूथ विश्व कप में रजत और यूथ एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।

### विराट कोहली का नया अवतार : कैफ बोले, खून के आंसू पिए, अब कोई छू नहीं सकता



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने हाल ही में सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली के नए अवतार की जमकर सराहना की है, जिसके बाद कोहली ने तिरुवनंतपुरम में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में एक तूफानी शतक जड़ा। कैफ ने कहा कि पिछले साल कोहली को संन्यास लेने की सलाह देने वाले लोग अब उन्हें छूने की हिम्मत भी नहीं कर सकते। 37 वर्षीय कोहली ने 88 गेंदों में नाबाद 139 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 9 छक्के शामिल थे - यह पहली बार था जब उन्होंने एक वनडे पारी में 9 छक्के लगाए। उनकी इस विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने 296 रनों का लक्ष्य 41.4 ओवर में आसानी से हासिल कर लिया। कैफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में उस समय को याद किया जब अक्टूबर 2025 में आस्ट्रेलिया दौरे पर लगातार दो वनडे मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद कोहली आलोचकों के निशाने पर आ गए थे। उस वक्त कई लोगों ने उन्हें संन्यास लेने की सलाह तक दे डाली थी। हालांकि, कोहली ने आस्ट्रेलिया में तीसरे वनडे में नाबाद 74 रन बनाकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया था। कैफ ने बताया कि उस घटना के बाद से कोहली ने कुल 11 वनडे पारियां खेली हैं और 900 से अधिक रन बनाए हैं, जिसमें चार शानदार शतक शामिल हैं। कैफ ने टिप्पणी की कि कोहली अब एक बिल्कुल अलग अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं, जो उन्होंने पहले कभी नहीं किया।

# एशियन खेल 2026 : पुरुष क्रिकेट के सेमीफाइनल में श्रीलंका से भिड़ेगा भारत

नई दिल्ली

**एशियन खेल 2026 के पुरुष क्रिकेट के सेमीफाइनल में भारत का सामना श्रीलंका से होगा। श्रीलंका और नेपाल के बीच खेला जाने वाला क्वार्टरफाइनल बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द हो गया, जिसके बाद बेहतर वरीयता के आधार पर श्रीलंका ने अंतिम चार में जगह बना ली।**



निसिन में लगातार बारिश के कारण मुकाबला टास से पहले ही रद्द करना पड़ा। निर्धारित स्थानीय समय सुबह नौ बजे से कई घंटे पहले ही बारिश शुरू हो गई थी और मैच शुरू होने तक हालात में सुधार नहीं हुआ। श्रीलंका को अंतरराष्ट्रीय टी20 रैंकिंग के आधार पर भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ टूर्नामेंट में वरीयता प्राप्त टीमों में शामिल किया गया था। इसी वरीयता के कारण उसे सेमीफाइनल में जगह मिली।

श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने भी अफगानिस्तान के खिलाफ अपना क्वार्टरफाइनल बारिश की भेंट चढ़ने के बाद बेहतर वरीयता के आधार पर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। इसी तरह पाकिस्तान ने भी हांगकांग के खिलाफ क्वार्टरफाइनल बारिश के कारण रद्द होने के बाद अंतिम चार में जगह बनाई।

श्रीलंका की टीम 2022 एशियन खेल में क्वार्टरफाइनल में अफगानिस्तान से हारकर बाहर हो गई थी। अब टीम की नजर भारत को हराकर फाइनल में जगह बनाने पर होगी।

दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश का सामना पाकिस्तान से होगा। बांग्लादेश और मलेशिया के बीच क्वार्टरफाइनल भी बारिश के कारण रद्द हो गया था। दोनों सेमीफाइनल एक अक्टूबर को खेले जाएंगे। पहले सेमीफाइनल में बांग्लादेश और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में भारत और श्रीलंका भिड़ेंगे।

भारतीय पुरुष टीम एशियन खेल में अपने खिताब का बचाव करने उतरी है। 2023 हांगझोउ एशियन खेल में भारत ने पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक जीता था। भारत और अफगानिस्तान के बीच फाइनल बारिश के कारण रद्द होने के बाद बेहतर रैंकिंग के आधार पर भारत को स्वर्ण पदक दिया गया था। वहीं, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आइची-नागोया एशियन खेल में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव कर लिया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने फाइनल में श्रीलंका को 147 रन से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

# आस्ट्रेलिया को झटका, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे से बाहर हुए एलिस और जोएल

पोटचेफस्ट्रूम

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे से पहले आस्ट्रेलिया को दोहरा चोट का झटका लगा है। तेज गेंदबाज नाथन एलिस साइड स्ट्रेन के कारण मुकाबले से बाहर हो गए हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर जोएल डेविस हैमस्ट्रिंग चोट के कारण स्वदेश लौटेंगे।

एलिस को जोहान्सबर्ग में खेले गए दूसरे वनडे के दौरान चोट लगी। उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी करने के बाद बाएं हिस्से में खिंचाव महसूस किया और अपना स्पेल पूरा नहीं कर सके। इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने 365 रन बनाए और तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली।



एलिस इस दौरे पर आस्ट्रेलिया के प्रमुख गेंदबाजों में रहे हैं। वह आगे की जांच और रिहैबिलिटेशन के लिए आस्ट्रेलिया लौटेंगे। टीम को उम्मीद है कि वह 13 नवंबर से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू वनडे सीरीज तक फिट हो जाएंगे।

एलिस इस दौरे पर साइड स्ट्रेन का सामना करने वाले आस्ट्रेलिया के दूसरे तेज गेंदबाज हैं। इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान बिली स्टैनलेक चोटिल होकर बाहर हो गए थे।

तीसरे वनडे के लिए आस्ट्रेलिया के पास अब केवल चार फिट विशेषज्ञ तेज गेंदबाज उपलब्ध हैं। पैट कमिंस शुरुआती दो मैचों से बाहर रहने के बाद वापसी कर सकते हैं, जबकि दूसरे वनडे में आराम दिए गए मिचेल स्टार्क के भी खेलने की संभावना है। लगातार दोनों मुकाबले खेलने वाले जोश हेजलवुड को आराम दिया जा सकता है और जेवियर बार्टलेट के टीम में बने रहने की उम्मीद है। दूसरी ओर, जोएल डेविस को दूसरे वनडे के दौरान स्थानापन्न फील्डर के तौर पर मैदान पर रहते हुए हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आया। वह इस दौरे पर आस्ट्रेलिया के दूसरे विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर टीम के साथ थे, लेकिन उन्हें किसी मुकाबले में खेलने का मौका नहीं मिला। अब वह रिहैबिलिटेशन के लिए स्वदेश लौटेंगे और इसके बाद न्यू साउथ वेल्स के साथ घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे।

आस्ट्रेलिया ने एलिस और डेविस के स्थान पर तीसरे वनडे के लिए अभी किसी खिलाड़ी को नहीं चुना है।

इस बीच, विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंगलिस की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ अक्टूबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज में उपलब्धता पर भी फैसला नहीं हुआ है। इंगलिस को डरबन में खेले गए पहले वनडे के दौरान उंगली में फ्रैक्चर हुआ था।

**आस्ट्रेलिया ए टीम में भी बदलाव** - भारत दौरे पर मौजूद आस्ट्रेलिया ए टीम में भी बदलाव किए गए हैं। ब्रेंडन डोगेट, फर्गस ओनील और कैंपबेल कैलावे शेफील्ड शील्ड सीजन की शुरुआत के लिए स्वदेश लौटेंगे। उनकी जगह सैम हार्पर, झाय रिचर्डसन और लियाम हैचर पुडुचेरी में मंगलवार से शुरू होने वाले भारत ए के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेलेंगे। शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए आस्ट्रेलिया ए टीम में राइली मेरेडिथ और विल सदरलैंड को शामिल किया गया है। दोनों ने जैक एडवर्ड्स और आरोन हार्डी की जगह ली है। एडवर्ड्स दक्षिण अफ्रीका में कैमरन ग्रीन के कवर के तौर पर मौजूद हैं, जबकि हार्डी मामूली घुटने की चोट के कारण वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं।